


नवभारत

भोपाल, बुधवार, 22 अक्टूबर, 2025


## एक नजर में

### कामधेनु गौ शाला में हुआ गोवर्धन पूजन

**हरदा** मंगलवार को जिला स्तरीय गोवर्धन पूजा कार्यक्रम कामधेनु गौ-शाला मगरधा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक डॉ.आर.के. दोगने, पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल, कलेक्टर सिध्दार्थ जैन , उप संचालक पशु चिकित्सा अजय रामटेके सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान कृष्ण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा गौ-माता का विधिवत पूजन भी किया गया। उन्होंने गायों को स्नेह पूर्वक दुलारा और उन्हें गुड एवं मिष्ठान इत्यादि खिलाया। कार्यक्रम में गौशालाओं में कार्यरत गौ-सेवकों व गौ-प्रेमियों का शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

विधायक डॉ दोगने ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि हम बचपन में मां का दूध केवल दो-तीन वर्षों तक ही पीते हैं, जबकि गाय माता का दूध हम जीवन भर पीते हैं । अतः हमारे जीवन में मां से बढा स्थान गौ माता का होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जन्म देने वाली तीन लोगों को माता कहा गया है और उनको माता क्यों कहा गया एक मां वो जो हमको जन्म देती इसलिए उसको माता कहा गया है, दूसरी धरती माता जो अन्न पैदा करती है जिससे हमारा तिलक लगाया गया है और गौ माता जिनका जीवन भर हम दूध पीते हैं हमारी मां से बडी है गौ माता मां का दूध तो 9 महीने पीते हैं और बडा होता है साल भर पीते हैं और बडे होते हैं पर गौ माता का दूध हम पूरे जीवन भर पीते हैं। उन्होंने कहा हम सब जागेंगे तब ही गौ माता की रक्षा हो सकेगी। पूर्व मंत्री कमल पटेल ने इस अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि स?कों पर विचरण करने वाले निराश्रित गौ वंश के संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा कि यह कार्य केवल शासकीय प्रयासों से संभव नहीं है.

# झुमका और रावण को पुलिस पैदल लेकर निकली

## आरोपियों ने डंडे और तलवार से किया था हमला

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 21 अक्टूबर 2025,** सिवनी मालवा नगर में शाम को एक हमले के दो आरोपियों को पुलिस वाहन खराब होने के कारण हथकड़ी लगाकर पैदल ही कोर्ट लेकर गई। मामला 15 अक्टूबर की रात बराखड़ रोड पर हुए प्राणघातक हमले से जुड़ा हुआ है।

पुलिस ने आरोपियों सोनू उर्फ झुमका और सोहेल उर्फ रावण को गिरफ्तार किया। शाम को उन्हें न्यायालय में पेश करने के लिए लेकर जा रहे थे तभी गीता टॉकीज के पास पुलिस का शासकीय वाहन अचानक खराब हो गया। पुलिस वाहन बंद होने के बाद पुलिसकर्मियों ने बिना देरी किए दोनों आरोपियों को पैदल ही न्यायालय तक ले जाने का निर्णय लिया। इस दृश्य को देखने के लिए आसपास लोगों की भीड़ जमा हो गई। विगत 15 अक्टूबर की रात बराखड़ निवासी योगेश मालवीय पर सोनू उर्फ



झुमका और सोहेल उर्फ रावण ने डंडे और तलवार से हमला किया था। योगेश अपनी बाइक से घर जा रहे थे, तभी पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने उन्हें रोककर हमला कर दिया। इस हमले में योगेश गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया था। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

थाना प्रभारी राजेश दुबे ने बताया कि आरोपियों और पीड़ित के बीच पुरानी व्यक्तिगत रंजिश के कारण यह हमला हुआ था। दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया।

हमले में घायल योगेश मालवीय का उपचार जिला चिकित्सालय में जारी है। यह घटना नगर में न केवल हमले की वजह से, बल्कि आरोपियों को पैदल ले जाने के अनोखे वाकये के कारण भी चर्चा का विषय बनी हुई है।

# शहीद स्मृति दिवस पर भव्य भावपूर्ण परेड का आयोजन



नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 21 अक्टूबर** पुलिस लाइन परिसर, नर्मदापुरम में आज 21 अक्टूबर, 2025 को 'पुलिस शहीद स्मृति दिवस' के अवसर पर एक भव्य और भावपूर्ण परेड का आयोजन किया गया।

इस मौके पर वर्ष 2024-2025 की एक वर्ष की अवधि के दौरान देश के विभिन्न स्थानों पर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए शहीद हुए कुल 191 पुलिस कर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित इस 'पुलिस स्मृति दिवस परेड' के दौरान पुलिस बल ने अमर शहीदों को सलामी दी और शोक शस्त्र की कार्यवाही की गई, जो वीर बलिदानियों के सम्मान में समर्पण का प्रतीक है।

**शहीदों के नाम का वाचन** - पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम, साई कृष्णा (भापुसे), ने इस अवसर पर शहीद हुए कुल 191 पुलिस कर्मियों के नामों का वाचन किया। उन्होंने बताया कि इन जांबाज पुलिस कर्मियों ने देश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग किया है। उनका यह बलिदान सदैव राष्ट्र की सेवा के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा। इस अवसर पर कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें कमिश्नर नर्मदापुरम कृष्ण गोपाल तिवारी, पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम मिथलेश कुमार शुक्ला, उप पुलिस महानिरीक्षक नर्मदापुरम प्रशांत खरे, कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम अभिषेक राजन, और डीएसपी यातायात संतोष मिश्रा प्रमुख रूप से शामिल थे। सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं जिले के अन्य थानों के थाना प्रभारियों व पुलिस कर्मियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र चढ़ाकर अमर शहीदों को नमन किया और उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सभी ने शहीदों के साहस और बलिदान को याद करते हुए उनके परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। यह आयोजन देश की आंतरिक सुरक्षा को बनाए रखने में पुलिस बल के समर्पण और बलिदान को याद करने का एक महत्वपूर्ण दिवस है।

## पुलिस लाइन परिसर में हुई शहीद स्मृति परेड

**नर्मदापुरम** मंगलवार को पुलिस लाइन नर्मदापुरम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कर्तव्य निर्वहन के दौरान अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर पुलिस शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वर्ष 2024-25 में 1 वर्ष की अवधि में देश के विभिन्न स्थानों पर कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद होने वाले 191 पुलिस कर्मियों को उनके द्वारा दिये गए बलिदान को याद करते हुए उनके सम्मान में पुलिस स्मृति दिवस परेड का आयोजन किया गया। परेड के दौरान पुलिस बल द्वारा अमर शहीदो को सलामी देते हुए शोक शास्त्र की कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक श्री साई कृष्णा एस थोटा द्वारा इस अवसर पर शहीद हुए कुल 191 पुलिस कर्मियों के नामों का वाचन किया

# छठ पूजा को लेकर रेल प्रशासन ने किये व्यापक इंतजाम

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 21 अक्टूबर** छठ पूजा के त्योहार को देखते हुए, रेल प्रशासन द्वारा इटारसी जंक्शन पर यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। आरपीएफ (रेलवे सुरक्षा बल) द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, त्योहार के लिए विशेष रूप से चलाई जाने वाली करीब 27 से 30 सवारी गाडियां प्रतिदिन इटारसी होकर संचालित की जा रही हैं, ताकि यात्रियों को छठ पूजा के लिए उनके गंतव्य तक पहुंचने में आसानी हो।

**यात्रियों की सुरक्षा के लिए बढ़ाए सुरक्षा बल** - त्योहारों के मौसम में यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए, सुरक्षा व्यवस्था को भी चाक-चौबंद किया गया है। आरपीएफ थाने में तैनात लगभग 80 रेलवे सुरक्षा बल के जवानों के साथ-साथ केंद्रीय रिजर्व सुरक्षा बल के 100 से अधिक पुलिसकर्मी भी तैनात किए गए हैं। यह अतिरिक्त पुलिस बल खंडवा से जबलपुर तक सवारी गाडियों में यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तैनात है।



**स्टेशन परिसर में ठहरने की विशेष व्यवस्था** - यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, रेल प्रशासन ने एक विशेष पहल की है। आरपीएफ थाना प्रभारी के मुताबिक, स्टेशन परिसर में टेंट लगाकर यात्रियों के ठहरने की विशेष व्यवस्था की गई है। इस व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्टेशन परिसर के बाहर यात्रियों को भटकना न पड़े और वे सुरक्षित तथा आराम से अपनी ट्रेन का इंतजार कर सकें। आरपीएफ थाना प्रभारी ने उक्त जानकारी से अवगत कराते हुए बताया कि रेल प्रशासन त्योहार के दौरान यात्रियों की सुरक्षित और सुगम यात्रा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# गोमुखी तालाब पर नृत्य कर दीपावली का मनाया त्यौहार

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 21 अक्टूबर** सिवनी मालवा तहसील के ग्राम हिरनखेड़ा में ग्वाल गोली समुदाय के महिलाएं एवं पुरुषों सहित बच्चों ने पारंपरिक रीति रिवाज के अनुसार गोमुखी तालाब पर गीत गाते हुए नृत्य कर दीपावली त्यौहार मनाया। दीपावली के दूसरे दिन भी आदिवासी जमकर नाचे। हिरणखे?ा में पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किये जिसमें पारंपरिक भजन, कीर्तन, बांसुरी वादन सहित अन्य धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होता है। दीपावली के दिन अंतिम पहर के पूर्व तालाब का जल पवित्र कलश में भरा जाता है जिसका उपयोग वर्ष भर पशुओं के निमित्त किया जाता है। ग्रामीण बुजुर्गों के माने तो ग्राम हिरणखे?ा के गौमुखी तालाब का जल बहुत ही पवित्र माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि गौवंश की उत्पत्ति इसी प्राचीन तालाब से हुई है। आदिवासी गोली-ग्वाल समुदाय में यह गौ उत्पत्ति तालाब सबसे बड़ा तीर्थ स्थान माना जाता है। दीपावली की रात बीच तालाब से हुंकार की आवाज भी सुनाई देती हैं। इस तालाब के जल से पशुधन स्वस्थ रहने के साथही दूध देने की क्षमता बढ़ती है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दूर दूर से छिंदवाड़ा, सिवनी और बैतूल जिले से आये आदिवासी समुदाय के गोली-ग्वाल समुदाय के लोग दीपावली की रात्रि में तालाब पर एकत्रित हुए और लोक संस्कृति अनुसार पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुनों पर नाचते गाते उत्सव मनाया। अन्नकूट पर गांव में चल समारोह निकाला। इस सम्बंध में ग्राम के युवाओं आशुतोष लिटोरिया, प्रकाश मालवीय आदि ने बताया कि नर्मदापुरम जिले के सबसे बड़े गौमुखी तालाब पर एक अनोखे अंदाज में त्यौहार मनाने लोगों को सालभर इस दिन का इंतजार रहता है। ग्रामीणों द्वारा इस स्थान को पर्यटक स्थल बनाये जाने की मांग वर्षो से की जा रही है। हिरनखेड़ा गांव के बुजुर्गों ने बताया कि आज से 40-50 साल पूर्व दिवाली की रात इस तालाब से नंदी के रंभाने की आवाज आती थी, जमींदारी प्रथा के समय यहां ग्राम जमींदार द्वारा दिवाली के दिन गौवंश के पूजन और सजाने के समान जिनमें प्रमुख रूप से नाथ-मुझेड़ी, घास का पूरा, पकवान ओर गेरू घोलकर रखा जाता जो दूसरे दिन बिखरा हुआ मिलता था।

## कलेक्टर ने गौ माता को विशेष गौ ग्रास खिलाई

**नर्मदापुरम** गौ माता में अलौकिक दिव्यता बसती है। जिससे उनके समीप होने पर अनुपम शांति की अनुभूति होती है। यह बात कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने मंगलवार को गोवर्धन पूजन के अवसर पर सुरभि गौशाला में गौ पूजन के दौरान कही। कलेक्टर ने गौशाला पहुंचकर गौ माता को चुनरी ओढ़ा कर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वात्सल्य के साथ सहलाते हुए उनका विधिवत पूजन कर उन्हें विशेष गौग्रास जिसमें खिचड़ी, गुड-चापड़, सुदाना, फल आदि का सेवन करवाया।

# कृषि और ग्रामीण संस्कृति की आधारशिला गौ माता

नवभारत न्यूज

**बनखेड़ी, 21 अक्टूबर** उमरधा-समनापुर तिराहा स्थित गोशाला में पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा आयोजित गोवर्धन पूजन में लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी के प्रतिनिधि के रूप में भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान सदस्य नीतिराज सिंह पटेल ने भाग लिया। इस अवसर पर संत बालक दास एवं विभाग के अधिकारियों के साथ नीतिराज सिंह पटेल ने विधि विधान से गोवर्धन एवं गौ माता का पूजन किया। इस अवसर पर भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान सदस्य नीतिराज सिंह पटेल ने कहा कि दीपावली के दूसरे दिन प्राचीन काल से ही हमारे पूर्वज गोवर्धन पूजा और पशुधन पूजन करते आए हैं। इस परंपरा हम आगे बढ़ा रहे हैं जिसे गो-पूजन भी कहा जाता है। यह हमारी कृषि और ग्रामीण संस्कृति की आधारशिला मानी जाती है। इस दिन किसान गौमाता सहित अपने मवेशियों को स्नान कराकर उनका श्रृंगार करते हैं और उनकी पूजा करते हैं। गौ-माता ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार है। गौ सेवा के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी द्वारा दिए गए आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर गौ ग्राम के संकल्प को साकार करने का यह पवित्र प्रयास है। हमारी वेदिक संस्कृति में गौ माता का स्थान अत्यंत उच्च बताया गया है, ऋग्वेद, अथर्ववेद और यजुर्वेद में गौ को अघ्न्या (अर्थात जिसे मारा न जाए) कहा गया है। वेदों में गौ को धन, पोषण और समृद्धि का स्रोत बताया गया है गावो विश्वस्य मातरः अर्थात् गौ सम्पूर्ण विश्व की माता हैं। गौ केवल एक पशु नहीं, बल्कि धरती की सजीव ऊर्जा हैं, जो कृषि, स्वास्थ्य और पर्यावरण से गहराई से जुड़ी हैं।

## व्यापारी संघ की हुई बैठक

**पिपरिया.** नगर व्यापारी संघ ने पुराना गल्ला बाजार में अशोक परिसर में व्यापारी संघ की बैठक आयोजित कर पुराने गल्ले बाजार में भूमि आवंटन को लेकर जानकारी मिलने पर रोक लगाये जाने हेतु बैठक में निर्णय लेकर तहसीलदार के यहां आपत्ति लगाने की सहमति बनी। नगरपालिका द्वारा पुराना गल्ला बाजार नजूल भूमि सीट क्रं.17 डी प्लाट नं.38,75 क्षेत्रफल क्रमशः 2841.79 व 2270.10 भूखंड भूमि का हस्तांतरण हेतु नगरपालिका द्वारा स्थाई पट्टे की मांग मंगल भवन बनाने हेतु कलेक्टर के यहां आवेदन प्रस्तुत किया।

# भारतीय किसान संघ द्वारा गौ माता पूजन मनाया गया



नवभारत न्यूज

**सिराली, 21 अक्टूबर** भारतीय किसान संघ नगर इकाई सिराली द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दीपावली के पावन पर्व पर गौ माता पूजन का कार्यक्रम मंगलवार को नगर के मेघनाथ चौक दुर्गा माता मंदिर प्रांगण पर संपन्न हुआ

भारतीय किसान संघ के चार प्रमुख त्योहारों में से एक गौ माता पूजन प्रतिवर्ष दीपावली के अगले दिन मनाया जाता है जिसमें नगर के सभी धर्म प्रेमी नगर के मेघनाथ चौक पर पहुंचकर आपस में मिलजुल कर दीपावली पर्व की शुभकामनाएं साझा करते हैं एवं अपने गोवंश का सुंदर सिंगार कर लाते हैं जिसमें पुरस्कार दाताओं के द्वारा प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं सांत्वना पुरस्कार सभी को दिया जाता है इसी कड़ी में आज भी गौ माता के सुंदर सिंगार पर प्रथम पुरस्कार 1101 रुपए की राशि श्री दशरथ जी कुशवाहा को श्री कैलाश जी अग्रवाल के द्वारा प्रदान की गई,

द्वितीय पुरस्कार दीप सिंह जी कुशवाह की बैल जोड़ी पर नगर परिषद उपाध्यक्ष श्याम जी पूजा के द्वारा 701 रुपए की राशि प्रदान की गई.

इसी प्रकार तृतीय पुरस्कार अजय सिंह जी राजपूत को गौ माता श्रृंगार पर 501 की राशि श्रीमती सुधा जितेंद्र जी मालवीय वार्ड नंबर 2 पार्षद के द्वारा प्रदान किए गए चतुर्थ पुरस्कार कोमल सिंह जी कुशवाहा को बैल जोड़ी पर 301 की राशि मेहुल मोबाइल चेतन दास द्वारा प्रदान किए गए.

## बाउंड्रीवाल की मांग

**पिपरिया** सेमरीरंधीर में बाउंड्रीवाल न होने से असामाजिक तत्वों का स्कूल प्रांगण में जमघट बना रहता है। सेमरीरंधीर स्कूल में बाउंड्रीवाल न होने के कारण असामाजिक तत्वों का अड्डा बना रहता है। असामाजिक तत्वों ने पेशाबघर, शौचालय की सीटे तोड़ दी है वही पानी के नलो को भी चाहे जब तोड दिया जाता है। ग्रामीणो ने कहा कि स्कूल में बाउंड्रीवाल अवश्य बनना चाहिये.

# सर्वब्राह्मण समाज संगठन 26 को मनाएगा अन्नकूट उत्सव

नवभारत न्यूज

**हरदा, 21 अक्टूबर** सर्व ब्राह्मण समाज संगठन के द्वारा 26 अक्टूबर रविवार को शाम 5 बजे से मां रेवा गार्डन में अन्नकूट उत्सव मनाया जाएगा।

अन्नकूट उत्सव को लेकर संगठन की एक बैठक मां रेवा गार्डन में मंगलवार शाम को रखी गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष सुनील तिवारी ने की।बैठक में संरक्षक चंद्रकांत शुक्ला,कार्यकारी अध्यक्ष पंडित आचार्य ओमप्रकाश पुरोहित, संयोजक नितेश बादर, मिडिया प्रभारी अखिलेश पाराशर,नगर अध्यक्ष दीपक शुक्ला, युवा इकाई अध्यक्ष विवेक बादर, महिला इकाई अध्यक्ष विनीता राजोरिया, सचिव अदिति गुरु ने आयोजन को लेकर अपने विचार व्यक्त किए।

इस दौरान अन्नकूट उत्सव प्रभारी गजानंद डाले एवं प्रशांत शर्मा ने बताया कि उत्सव के दौरान भगवान गोवर्धन जी की झांकी,56 भोग, सांस्कृतिक प्रस्तुति, आर्केस्ट्रा एवं महाआरती होगी। इसके बाद भोजन प्रसादी होगी।

## नपाध्यक्ष ने दिया की बोरी व टोकनी वापस कराई

**पिपरिया** मंगलवारा चौराहे पर दिया बेचने वाली एक महिला से नगरपालिका के कर्मचारियों ने दिया छुडाकर कचरे की गाडी में ले जाने पर समाजसेवी सचिन शर्मा आजाद सचिन ने तत्काल सोशल मीडिया पर आवाज उठाई जिसका परिणाम यह हुआ कि नगरपालिका अध्यक्ष ने उक्त महिला को दिया की बोरी व टोकनी वापिस कराई। मंगलवारा चौराहे पर दिया व मूर्ति की दुकान लगाने वालो की दुकाने नपा द्वारा गर्ल्स स्कूल के सामने लगवाई गई है। जबलपुर की एक महिला द्वारा मंगलवारा चौराहे पर दुकान लगाकर दिया बेच रही थी.

# पुलिस लाइन में शहीद स्मृति दिवस पर वीर पुलिस जवानों को दी श्रद्धांजलि

नवभारत न्यूज

**हरदा, 21 अक्टूबर** शहीद स्मृति दिवस के अवसर पर मंगलवार को हरदा पुलिस लाईन में शहीदों को नमन एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक श्री शशांक, तथा न्यायाधीशगणों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों के अमर बलिदान को याद किया। शहीदों के सम्मान में आयोजित समारोह में पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर एवं परेड का आयोजन किया गया। रक्षित निरीक्षक श्रीमती रजनी गुर्जर के निर्देशन में पुलिस जवानों ने बंदूक झुकाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन एसआई सुश्री प्रियंका पाठक ने किया।

कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री शशांक ने शहीदों के परिजनों को शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर माननीय न्यायाधीशगण, एसडीओपी, थाना प्रभारी, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पशु और उनके पालक के बीच के अटूट रिश्ते का प्रतीक गोवर्धन पूजा

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 21 अक्टूबर** नगर में दिवाली के पावन पर्व के ठीक दूसरे दिन एक अनूठी और गहरी आस्था वाली परंपरा का निर्वाह होता रहा है। यह परंपरा पशुपालकों के लिए साल भर के उनके सबसे बड़े पर्व से कम नहीं है, जहां वे अपने पशुधन को लेकर ग्वाल बाबा मंदिर नयायार्ड रोड पहुंचते और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करते रहे हैं। यह आयोजन सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि पशु और उनके पालक के बीच के अटूट रिश्ते और उनके स्वास्थ्य के प्रति गहन चिंता का प्रतीक रहा है।

लेकिन विडंबना ही है कि पिछले कुछ वर्षों से पशु पालक अपने पशुओं को लेकर नहीं आ रहे हैं, बल्कि स्वयं अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। यहां अब पशुओं की जगह पशु पालकों का मेला लगने लगा है। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, ग्वाल बाबा को पशुओं का रक्षक और पालक माना जाता है। दिवाली के बाद, विशेषकर 'गोवर्धन पूजा' के आसपास, यह मान्यता



रही है कि ग्वाल बाबा के दरबार में पशुओं को लाने से उन्हें वर्षभर रोगों से मुक्ति मिलती है और वे स्वस्थ व निरोगी रहते हैं। पशुपालकों का मानना है कि बाबा के आशीर्वाद से उनके पशुधन पर किसी भी प्रकार की बीमारी या संकट नहीं आता। यह परंपरा सदियों से चली आती रही है और इटारसी तथा आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालक इसे बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ निभाते रहे हैं। माना जा रहा है कि करीब 100 वर्षों से यह यहां पर दीपावली की सुबह मेला आयोजित होता रहा है जिसमें मेहरागांव, नयायार्ड, नाला मोहल्ला, बजरंगपुरा से पशुपालक पहुंचते हैं। पाल समाज के प्रतिनिधि दीपक पाल के शरीर में ग्वाल बाबा आते हैं वह पूरे मंदिर का परिक्रमा लगाकर पशुओं के और पशुपालकों के स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। सैकड़ों की संख्या में आज भी यहां पर पशुपालक आए लेकिन विडंबना है कि अब गोवंश पशु नहीं आते। पशु पालक ही पहुंचकर बड़ी मात्रा में आतिशबाजी करते हैं।

**मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब** - आज दिवाली के दूसरे दिन ग्वाल बाबा मंदिर परिसर में सुबह से ही पशुपालकों का जमावड़ा शुरू हो गया। यहां आने से पहले उन्होंने अपने-अपने गायों, बैलों और अन्य पशुओं को फूलों और रंग-बिरंगे वस्त्रों से सजाए लेकिन मंदिर तक नहीं लाये। मान्यता है कि यहां पशुपालक बाबा की पूजा-अर्चना करके विशेष रूप से पशुओं के स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए प्रार्थना करते हैं।

**पशुओं को चारे का प्रसाद** - इस विशेष दिन पर, अनेक पशु पालक अपने पशुओं को विशेष रूप से तैयार करते चारा और गुड़ का प्रसाद खिलाया जाता है, जिसे बाबा का आशीर्वाद माना जाता है। कई पशुपालक अपने पशुओं के सींगों को हल्दी-कुमकुम से सजाते हैं और उनकी आरती भी उतारते हैं।

## गोवर्धन पूजा एवं गौ पूजन किया

**नर्मदापुरम** दीपावली के पावन अवसर के उपरांत ग्राम रंढाल स्थित गौशाला परिसर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया उपस्थित रहीं। उन्होंने विधि-विधान से गोवर्धन महाराज और गौ माता का पूजन कर क्षेत्रवासियों को गोवर्धन पर्व की शुभकामनाएं दीं। गोवर्धन पूजा एवं गौ पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और गौ माता की पूजा अर्चना कर भगवान गोवर्धन का पूजन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में परंपरा अनुसार गोवर्धन महाराज की विधिवत पूजा की गई एवं गोधन का पूजन कर भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया गया।